


# पुरवा जलप्रपात में गूंजे देशभक्ति के नारे, चलाया गया स्वच्छता अभियान

## रीवा से पुरवा तक निकाली गई तिरंगा कार रैली, कमिश्नर व अधिकारियों ने की साफ-सफाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, रीवा संभाग के सभी जिलों में हर घर तिरंगा अभियान तथा हर घर स्वच्छता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है. शासन के निर्देशों के अनुरूप रीवा जिले के विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल पुरवा जलप्रपात में हर घर तिरंगा अभियान के तहत साफ-सफाई की गई. देशभक्ति के नारों के साथ परिसर में तिरंगा रैली निकाली गई.**

रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद के नेतृत्व में अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक घंटे तक स्वच्छता के लिए स्वेच्छा से श्रमदान किया. जलप्रपात परिसर से भारी मात्रा में कचरा एकत्रित करके उसे कचरा गाड़ी के माध्यम से सुरक्षित निपटान के लिए भेजा गया. कार्यक्रम का आयोजन जिला पर्यटन विकास समिति तथा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किया गया. इसके पूर्व रीवा से कमिश्नर श्री जामोद के नेतृत्व में



संभागीय अधिकारियों ने तिरंगा कार रैली में शामिल होकर रीवा से पुरवा जलप्रपात पहुंचे. इस अवसर पर कमिश्नर श्री जामोद ने कहा कि देश को अमर शहीदों के बलिदान और कठिन संघर्ष के बाद आजादी मिली. हजारों वीरों ने देश को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों का बलिदान किया. हम सबको इस आजादी का मोल समझना चाहिए. पूरे गौरव और उल्लास के साथ देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाएं. साथ ही वीरों को नमन करने एवं देशभक्ति की भावना को बलवती करने के लिए प्रत्येक नागरिक अपने घरों में 16 अगस्त तक शान से तिरंगा फहराए. राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है. कमिश्नर ने कहा कि देश को विकसित और समृद्ध बनाने के लिए सभी नागरिकों का स्वस्थ रहना आवश्यक है. हमारे घर और परिवेश स्वच्छ रहेंगे तभी हम स्वस्थ रहेंगे. पुरवा जलप्रपात जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में अच्छी साफ-सफाई इनके सौंदर्य को दुगना कर देती है. इन स्थानों को साफ-सुथरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है. पर्यटन स्थलों में हम किसी भी तरह की गंदगी न फैलाएं. कचरे तथा प्लास्टिक को कचरा पेटी में ही डालें. परिवेश स्वच्छ रहने पर ही मन प्रसन्न रहता है. कमिश्नर ने सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई. परिसर में निकाली गई तिरंगा रैली में वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे. रैली में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम सिरमौर पीके पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय, डिप्टी कमिश्नर श्रेयस गोखले तथा बड़ी संख्या में संभागीय अधिकारी मौजूद रहे.

### नगरीय निकायों में निकाली गई तिरंगा रैलियां

जिले के सभी नगरीय निकायों में हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है. अभियान के तहत नगरीय निकायों में भाषण प्रतियोगिता, रंगोली तथा तिरंगा रैलियों का आयोजन किया जा रहा है. नगर परिषद चाकघाट में विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी राज के नेतृत्व में तिरंगा रैली निकाली गई. रैली में नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, एसडीएम त्योंथर पीएस त्रिपाठी, अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन शामिल हुए. नगर परिषद गुढ़ में आयोजित तिरंगा रैली में नगर परिषद अध्यक्ष अर्चना सिंह, एसडीएम गुढ़ अनुराग तिवारी शामिल रहे.



# रीवा पुलिस ने एसएएफ मैदान से निकाली शहर में तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के तहत रीवा पुलिस द्वारा देशभक्ति गीतों के साथ तिरंगा रैली का आयोजन किया गया. यह रैली एसएएफ ग्राउंड रीवा से शुरू होकर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए विवेकानंद पार्क पर संपन्न हुई.**

इस रैली का नेतृत्व पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन गौरव राजपूत ने किया. इस तिरंगा रैली में पुलिस महानिरीक्षक के साथ उप पुलिस महानिरीक्षक रीवा रेंज राजेश सिंह चंदेल, पुलिस अधीक्षक रीवा विवेक सिंह, नगर निगम कमिश्नर सौरभ सोनवणे आदि उपस्थित रहे. तिरंगा रैली देशभक्ति गीतों के साथ एस ए एफ ग्राउण्ड रीवा से प्रारंभ होकर शहर में भ्रमण के उपरान्त विवेकानंद पार्क में संपन्न हुई. रैली का उद्देश्य स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की भावना जगाना और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देना था. रैली में शामिल लोगों ने तिरंगा हाथों में लेकर और देशभक्ति गीतों के साथ मार्च किया. इस अवसर पर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया और उन्हें अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने और अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करनेंके लिए प्रेरित किया गया. यह अभियान लोगों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है.

# जिले भर में जगह-जगह निकाली गई तिरंगा रैली

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, जिले भर में हर घर तिरंगा अभियान और हर घर स्वच्छता अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है.**

अभियान के तहत स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत, जनपद शिक्षा केन्द्र, शासकीय कार्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र तथा महाविद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. जगह-जगह साफ-सफाई अभियान के साथ देशभक्ति के गीतों और नारों को बुलंद करते हुए तिरंगा रैली निकाली जा रही हैं. अभियान के तहत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर कर्चुलियान, कन्या हाईस्कूल गुढ़ तथा कन्या उमावि सिरमौर में छात्राओं ने देशभक्ति के गीत गाते हुए तिरंगा रैली निकाली और आकर्षक रंगोली बनाई. परिसर मंन पौधे भी रोपित किए गए. अभियान के तहत संदीपनि उमावि सिरमौर तथा शासकीय उमावि गंगहरा में विद्यार्थियों ने तिरंगा रैली निकाली. शासकीय महाविद्यालय मऊगंज और हनुमना में विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों ने तिरंगा रैली निकाली. जिले भर के आंगनवाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा रंगोली बनाकर महिलाओं की रैली निकालकर हर घर तिरंगा अभियान, हर घर स्वच्छता अभियान का संदेश दिया जा रहा है. जनपद पंचायत जवा में तिरंगा रैली निकाली गई.

## संक्षिप्त



### टीआरएस कालेज ने निकाली तिरंगा यात्रा

**रीवा,** हर घर तिरंगा अभियान एवं स्वच्छता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा के छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के दिन भागीदारी अध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य डॉ0 अर्पिता अवस्थी के मार्गदर्शन में विशाल तिरंगा यात्रा एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया तिरंगा यात्रा महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई इस दौरान शहर वासियों एवं लोगों को तिरंगा यात्रा के महत्व एवं तिरंगा के सम्मान तथा घर -घर तिरंगा फहराने के लिए छात्रों द्वारा जागरूक किया गया साथ ही स्वच्छता हेतु भी जागरूक किया गया रैली में बड़ी संख्या में महाविद्यालय के प्राध्यापको, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी, एनसीसी के प्रभारी, कीड़ा प्रभारी एवंजन भागीदारी के सदस्य कर्मचारी गण एवं छात्र छात्राओं की सहभागिता रही.

### उप मुख्यमंत्री 15 को आएंगे रीवा

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल 14 अगस्त को दोपहर 2 बजे भोपाल से वायुयान से प्रस्थान कर दोपहर 2.40 बजे डुमना एयरपोर्ट जबलपुर पहुंचेंगे. उप मुख्यमंत्री दोपहर 2.40 बजे कार द्वारा जबलपुर से प्रस्थान कर शाम 5.30 बजे शहडोल पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे. उप मुख्यमंत्री 15 अगस्त को सुबह 9 बजे गांधी स्टेडियम शहडोल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. उप मुख्यमंत्री सुबह 11.45 बजे सांझा रसोई संस्था द्वारा सिकल सेल एवं थैलेसीमिया के उपचार के लिए आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ करेंगे. उप मुख्यमंत्री इसके बाद ग्राम छतवई में आयोजित तिरंगा रैली में शामिल होकर संदीपनि विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित विशेष मध्यान्ह भोजन में शामिल होंगे. उप मुख्यमंत्री शहडोल से दोपहर एक बजे कार द्वारा प्रस्थान कर शाम 4 बजे रीवा पहुंचकर स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे.

### कारण बताओ नोटिस जारी

**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने महाप्रबंधक एमपीआरडीसी विनोद टांटवे को सड़क दुर्घटना से संबंधित ईडार पोर्टल में क्रियान्वयन में लापरवाही व शिथिलता बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिवस में जबाव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये.

### जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त


**रीवा,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा ने अधिकारियों, कर्मचारियों के क्षमता निर्माण हेतु डिजिटल प्रशिक्षण कराने सहित अन्य कार्यवाही संपादित करने के लिये सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है. श्री गुर्जर पंचायतराज संचालनालय को निर्देशानुसार समय सीमा में जानकारी प्रेषण करने का कार्य संपादित करेंगे.

### नजूल भूमि निर्वर्तन समिति की बैठक 20 को

**रीवा,** कमिश्नर बी.एस. जामोद की अध्यक्षता में जिला नजूल भूमि निर्वर्तन समिति रीवा द्वारा प्रस्तुत प्रकरणों के निर्णय के संबंध में संभाग स्तरीय नजूल भूमि निर्वर्तन समिति की बैठक 20 अगस्त को शाम 4 बजे कमिश्नर कार्यालय में आयोजित की गई है.

### दिलीप गौतम की कांग्रेस में वापसी

**रीवा,** पूर्व में कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए दिलीप गौतम ने



पद्मधर पार्क में आयोजित सत्याग्रह कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के हाथों पुन: कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर घर वापसी की. दिलीप गौतम ने कहा कि आज मेरे जीवन का यादगार दिन है, जब मुझे प्रदेश के दिग्गज नेताओं और हजारों कार्यकर्ताओं के बीच पुन: कांग्रेस की सदस्यता लेने का सौभाग्य मिला. भाजपा में जो लोग अन्य दलों से जाते हैं, वे मूकवधिर बनकर रह जाते हैं. मैंने हमेशा अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई है और आगे भी उठाता रहूंगा. भाजपा में रहकर यह संभव नहीं था, इसलिए त्यागपत्र देकर कांग्रेस में वापसी की.

# कलेक्टर ने अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, जिले भर में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरे उल्लास और उमंग के साथ मनाया जाएगा. मुख्य समारोह एसएएफ मैदान में सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से आरंभ होगा.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए हैं. कलेक्टर ने कहा है कि कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग एसएएफ मैदान में परेड तथा अन्य कार्यक्रमों के लिए मैदान को समतल करके पूरी तरह से तैयार कर दें. बारिश को देखते हुए जीरो साइज की गिट्टी से गड्ढों में भराव करके लकड़ी के बुरादे का ट्रैक में छिड़काव की व्यवस्था रखें जिससे परेड में किसी तरह की कठिनाई न हो. कलेक्टर ने कहा है कि सहायक आयुक्त नगर निगम रीवा मुख्य कार्यक्रम स्थल तथा शहर की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करें. एसएएफ मैदान में मुख्य समारोह के लिए अतिथियों के बैठने के लिए 2500 कुर्सियों, सोफे एवं वाटरप्रूफ पंडाल की व्यवस्था करें. जिस मंच से ध्वजारोहण किया जाना है वहाँ वर्षा से बचाव की समुचित व्यवस्था करें. फाइनल रिहर्सल तथा मुख्य समारोह में साउंड की समुचित व्यवस्था रखें. अधीक्षण यंत्री विद्युत मण्डल समारोह के दौरान बिजली की निर्बाध आपूर्ति तथा पावर बैकअप के रूप में जनरेटर की व्यवस्था करें.



स्वतंत्रता दिवस रिहर्सल परेड़ का निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त डा. सौरभ सोनवणे

स्वतंत्रता दिवस समारोह की अंतिम रिहर्सल संपन्न

रीवा, 13 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त का मुख्य समारोह एसएएफ मैदान रीवा में आयोजित किया जा रहा है. समारोह की मुख्य अतिथि कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण करके परेड की सलामी लेंगी. समारोह के विभिन्न कार्यक्रमों की अंतिम रिहर्सल आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवड़े की उपस्थिति में की गई. इसमें परेड में शामिल सशस्त्र बलों एवं स्काउट के छात्र-छात्राओं ने शानदार मार्चपास्ट प्रस्तुत किया. अधिकारीगण मौजूद रहे.

### समीक्षा बैठक 20 को

कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद 20 अगस्त को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे. संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक कमिश्नर कार्यालय सभागार में सुबह 11 बजे से आरंभ होगी. बैठक में संभाग के सभी जिला पंचायत के सीईओ, अधीक्षण यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, कार्यपालन यंत्री, परियोजना अधिकारी, जनपद के सीईओ, सहायक यंत्री व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेगे.

# स्वतंत्रता दिवस पर आजीवन कारावास के 18 बंदी जेल से होंगे रिहा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, राज्य सरकार ने रीवा केन्द्रीय जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 18 बंदियों को सजा में माफी दी है. इन्हें 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर रिहा किया जाएगा.**

इस संबंध में जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने बताया कि शासन द्वारा बनाए गए नियमों के अनुक्रम में केन्द्रीय जेल रीवा के अच्छे आचरण वाले बंदियों की सजा में छूट का लाभ देते हुए रिहाई का प्रस्ताव जिला स्तरीय समिति के समक्ष रखा गया था. समिति की अनुशंसा पर राज्य शासन से 18 पुरूष बंदियों और एक महिला बंदी को रिहा किए जाने का आदेश प्राप्त हुआ है. रिहाई के लिए पात्र 19 बंदियों में से एक बंदी के जुर्माने की राशि अभी तक जमा नहीं हुई है. जुर्माने की राशि 15 अगस्त तक जमा न होने पर रिहाई के लिए पात्र 18 बंदियों को जेल से रिहा किया जाएगा. सजा में छूट का लाभ देते हुए रीवा, सीधी, सिंगरौली तथा उमरिया जिले के दो-दो, अनूपपुर जिले के एक और शहडोल जिले के 9 बंदियों को स्वतंत्रता दिवस पर जेल से रिहा किया जाएगा. सभी बंदियों की रिहाई के संबंध में उनके परिजनों को सूचित कर दिया गया है. जेल अधीक्षक ने बताया कि मुन्ना साहू पिता दीनबंधु निवासी अल्हवा थाना हनुमना जिला रीवा, पप्पू उर्फ माधव पिता केमला वासुदेव निवासी बटुरा थाना अमलई जिला शहडोल, भानू वासुदेव पिता मंगल वासुदेव निवासी बटुरा थाना अमलई जिला शहडोल, राजा विश्वकर्मा पिता देवदत्त विश्वकर्मा निवासी बम्हनी थाना चुरहट जिला सीधी तथा सचिन नामदेव उर्फ ईलू पिता विष्णु प्रसाद नामदेव निवासी विकास नगर थाना कोतमा जिला अनूपपुर को स्वतंत्रता दिवस पर जेल से रिहा किया जाएगा. इसी तरह अन्य बंदी शामिल है जो रिहा किये जायेगे.

### तहसीलदारों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**रीवा, 13 अगस्त,** राजस्व अधिकारियों के न्यायिक और गैर न्यायिक विभाजन के मंत्री परिषद आदेश को वापस किए जाने हेतु मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ के रीवा जिले के तहसीलदारों के एक प्रतिनिधि मण्डल ने भाजपा विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज के अमहियास्थित निवास में पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौंपा. जिस पर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने आस्वस्त किया कि उनकी मांगों से प्रदेश के मुखिया डॉ मोहन यादव को अवगत कराया जाएगा. ज्ञापन में मांग की गई है कि हाल ही में शासन द्वारा मंत्री परिषद आदेश जरिए राजस्व अधिकारियों का न्यायिक और गैर न्यायिक में विभाजन कर लगभग 1100 राजस्व अधिकारियों के केडर में से 500 राजस्व अधिकारियों को अर्थात् लगभग आधे केडर को उनके मूल कार्य राजस्व कार्यों से हटाकर अन्य विभाग के कार्य कार्यपालिक मजिस्ट्रेट (प्रोटोकॉल, डीडी, शिनाख्तगी आदि) में लगाया जा रहा है. जिससे संवर्ग एवं प्रदेश के किसानों पर पर असर पड़ेगा.



# भाजपा दीनदयाल मंडल ने निकाली शहर में तिरंगा यात्रा

नवभारत न्यूज

**रीवा, 13 अगस्त, भाजपा दीनदयाल मंडल द्वारा सिरमौर चौराहा हनुमान मंदिर से तिरंगा यात्रा शुरू होकर नगर के विभिन्न गली मोहल्ले में होते हुए अमर शहीद हेमू कल्याण चौक पर समाप्त हुई.**

इस अवसर पर रीवा भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने के नागरिकों तथा पार्टी कार्यकर्ताओं से अपने-अपने घरों पर तिरंगा ध्वज लगाने का आह्वान किया. उन्होने कहा कि तिरंगा सिर्फ एक ध्वज नहीं, बल्कि यह हमारी एकता, सम्मान और गर्व का अमर प्रतीक है. इसकी शान हमेशा ऊँची रखना हम सभी का पावन कर्तव्य है. उन्होंने कहा कि भाजपा एक मात्र ऐसा दल है, जिसने अपनी विचारधारा व उसूलों से कभी समझौता नहीं किया तिरंगा यात्रा में पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया जिला के प्रभारी शशांक शेखर श्रीवास्तव नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडे पूर्व विधायक के पी त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी रीवा नगर के सामाजिक कार्यकर्ता भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता ने भाग लिया तिरंगा यात्रा का जगह-जगह स्थानी जिन्होंने पुष्प बरसा कर स्वागत किया.


# सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की फाल सीलिंग गिरी

## कई मरीज आए चपेट में

रीवा नवभारत

**रीवा, 13 अगस्त, रीवा के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एक बार फिर बड़ी घटना घटित हुई है. जहां, देर रात हास्पिटल की छत की सीलिंग भरभराकर गिर गया. इस दौरान वहां भर्ती कुछ मरीजों को चोटें भी आई हैं. यह कोई पहली बार नही है, इसके पहले भी कई बार छत की सीलिंग धराशाई हो चुकी है. लेकिन अस्पताल प्रबंधन कुछ बोलने को तैयार नही है.**

एमपी के रीवा जिले में स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में एक बार फिर बड़ी लापरवाही सामने आई है. जहां मंगलवार-बुधवार की रात अस्पताल के तीसरे फ्लोर पर स्थित न्यूरोलॉजी वार्ड की फॉल सीलिंग अचानक धड़ाम से नीचे गिर गई. फॉल सीलिंग गिरने से वहां भर्ती कई मरीजों और उनके परिजनों को चोटें आई हैं. इस घटना के बाद से अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. घटना का



वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. जो अस्पताल प्रबंधन और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है.

बता दें कि रीवा के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में यह कोई पहली नहीं बल्कि तीसरी घटना है, जब फॉल सीलिंग गिरा है. इससे ठीक पहले, अस्पताल के उद्घाटन के ठीक दो महीने बाद भी ऐसा ही एक हादसा हुआ था. सवाल यह है कि तरह की हो रही घटनाओं के बाद भी अब तक अस्पताल प्रशासन ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की कोई जांच नहीं कराई. जिसके चलते ऐसी घटनाएं लगातार हो रही है.बताया जा रहा है यह हादसा जिस वक्त हुआ, उस समय कई मरीज वार्ड के अंदर मौजदू थे. हादसे के वक्त न्यूरोलॉजी वार्ड में कई गंभीर मरीज और उनके परिजन मौजूद थे. हालांकि, गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई. लेकिन अचानक हुई इस घटना से सभी सहम गए. इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें छत की फाल सीलिंग का एक बड़ा हिस्सा टूटकर बिस्तर और फर्श पर बिखरा पड़ा दिख रहा है. लगातार तीसरी बार हुई यह घटना अस्पताल प्रबंधन की बड़ी लापरवाही है. मरीजों की जान से खिलवाड़ कर अस्पताल को चलाया जा रहा है. वहीं, इस पूरी घटना पर अस्पताल प्रशासन चुप्पी साध ली है.